तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 18 अगस्त, 2025

12 भारी बरसात से रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव



12 अभिमान रूपी मटकी तोड़कर ज्ञान रूपी मक्खन पाएं



## खबर संक्षेप

### युवती संग रिलेशनशिप में रह रहा युवक लापता

**यमुनानगर।** थाना व्यासपुर क्षेत्र की एक बस्ती से युवक लापता हो गया। यहां युवक रिलेशनशिप में युवती संग रह रहा था। युवती ने व्यासपुर पुलिस को शिकायत में बताया कि शेरगढ़ गांव का 27 वर्षीय युवक उसके साथ बस्ती में रिलेशनशिप में रह रहा था। वह 15 अगस्त को 11 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। काफी तलाश करने पर भी उसका पता नहीं चला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहित उर्फ पखी व रणजीत को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रबंधक र उप-निरीक्षक शम्भू लाल ने बताया कि गांव धुरकड़ा के कुलबीर सिंह ने 14 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मोहित ने उसकी कंबाइन के पाट्‌र्स चोरी कर लिए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हेरोइन और गाड़ी सहित तस्कर को किया काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर क्षेत्र के बलाना कट पुल के नीचे गांव झुगियां जाने वाले रास्ते से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी परविंद्र को 12 ग्राम 40 मिलिग्राम हेरोइन व गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। प्रबंधक थाना सदर उप निरीक्षक शम्भू लाल ने बताया कि 16 अगस्त 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस ने उक्त रास्ते पर नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 12 ग्राम 40 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की।

### पत्नी पर ब्लेड से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव अमादलपुर में पति ने पत्नी पर ब्लेड से वार कर घायल कर दिया। गांव अमादलपुर निवासी रुकसाना ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं। कुछ समय से पति गुलशेर से उसका किसी बात पर विवाद चल रहा है। इसी विवाद में 15 अगस्त की दोपहर भी गुलशेर घर पर आया और झगड़ा करने लगा। इसमें गुलशेर ने उस पर ब्लेड से कई वार किए। इसमें उसकी बाजूओं पर ब्लेड से कट लगे। जिससे वह घायल हो गई।

### चाचा-भतीजे पर हमले के आरोप में एक नामजद

**यमुनानगर।** गांव लल्हाड़ी खुर्द निवासी कृपाल कांत ने बताया कि उससे व चाचा प्रमोद कुमार से 15 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे रजत नाम के युवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसका विरोध किया तो रजत ने लोहे के गुदाले से उसे व उसके चाचा प्रमोद कुमार पर हमला कर दिया। हमले में उसके चाचा प्रमोद कुमार को टांग में गंभीर चोट आई। शोर सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठे हुए तो रजत मौके से भाग गया।

### छावनी में 'एक पेड़ मां के नाम' जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम

# पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें पेड़ों का करना होगा पोषण : अनिल विज

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शुरू हुआ है एक पेड़ मां के नाम अभियान : मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री के एक-एक शब्द एवं वाक्य का गहरा अर्थ होता है।

एक पेड़ मां के नाम का अर्थ यही है कि जो ममता भरा संबंध एक बच्चे का अपनी मां के साथ होता है वही भावनात्मक संबंध हमारा पेड़ के साथ होना चाहिए। जिस प्रकार मां अपने बच्चे को स्नेह, प्यार एवं उसका सरंक्षण करती है, उसी प्रकार हमें पेड़ो के साथ करना है, उनका पालन-पोषण करना है। यदि कोई पेड़ों को क्षति पहुंचाने की कोशिश करता है तो उसका संरक्षण भी करना है।

उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे बचाए रखने के भाव को मन में रखते हुए हमें कार्य करना है और आंकड़े प्रस्तुत करने है। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी में हर वार्ड व गांव में जरूरत अनुसार पौधे लगाएं जाएंगे। विज छावनी के गांधी ग्राउंड में 'एक पेड़ मां के नाम' जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन के लिए पेड़-पौधे महत्वपूर्ण होते हैं पेड़ों से वायु है और वायु से आयु है यानि जितनी स्वस्थ वायु होगी उतनी ही आयु होगी। धरती को हरा-भरा बनाने के लिए जहां हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने हैं तो वहीं इससे ज्यादा उनका संरक्षण भी करना है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री अनिल विज के साथ-साथ नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित अन्य ने गांधी ग्राउंड में कदंब के पौधे लगाए। उन्होंने बताया कदम्ब पौधे की विशेषता है कि भगवान श्री कृष्ण इसी कदंब पेड़ के नीचे बैठकर लीलाएं करते थे। बांसुरी बजाते थे व गायों के साथ समय बिताते थे। यानि जो भी इस पौधे को लगाएगा उसे भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का स्मरण होगा। उन्होंने कहा कि यहां कदंब के पौधे लगाने के साथ-साथ अन्य पौधे भी लगाए जाएगें। विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि हरियाली हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। पहले धरती एवं मैदानों पर पेड़ पौधों का कब्जा होता था। विकास की दृष्टि से बड़ी बड़ी परियोजनाएं एवं अन्य निर्माण कार्य हो रहे है जिससे पेड़ पौधों का कब्जा छिन गया है। पर्यावरण का संतुलन न बिगड़े इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने हैं। उन्होनें इस मौके पर सभी नप सदस्यों के साथ-साथ भाजपा के पदाधिकारियों को पर्यावरण का प्रतिक पौधा भी वितरित किए गए। मंत्री ने इस अवसर पर यह भी कहा कि मानव जाति के लिए प्रकृति का सबसे बड़ा तोहफा पेड़-पौधे है जो हमें फूल देते हैं। फल देते हैं और जीवन भर हमारे साथ रहते हैं। यानि इन्होंने अपना तन-मन सब हमारे ऊपर लगा रखा हैं। हम फूलों की ओर एकदम आकर्षित होते हैं, पेड़ों से फल लेकर उसे खाने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि धरती से यदि पेड़-पौधे खत्म हो जाए तो जीना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हमारे वायुमंडल में 78 प्रतिशत नाइट्रोजन गैस व 21 प्रतिशत ही ऑक्सीजन है बाकी अन्य ओजोन इत्यादि हैं। सूर्य की किरणें यदि बिना ओजोन लेयर के धरती पर सीधी पड़ जाए तो जीना बहुत मुश्किल हैं। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर अपनी धरती हो धरा भरा करना हैं।



**अंबाला।** समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते मंत्री अनिल विज।

#### प्रोत्साहन राशि दी

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण बारे संदेश दिया। कैबिनेट मंत्री ने प्रस्तुतियां देने वाले प्रत्येक बच्चे को 2100-2100 रूपए की प्रोत्साहन राशि अपने स्वैच्छिक कोष से देने की घोषणा की। यहां पहुंचने पर डीएफओ राकेश कुमार माथुर व एसडीएम विनेश कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर ईओ नगर परिषद देवेंद्र नरवाल, नगर परिषद प्रधान स्वर्ण कौर, उप प्रधान ललिता प्रसाद के अलावा भाजपा नेता विकास बहगल, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, बीएस बिंद्रा, संजीव सोनी, अजय बवेजा, राजीव गुप्ता डिंपल, किरणपाल चौहान, तरविंदर सिंह, सुभाष शर्मा, बलित नागपाल, भारत भूषण कोछड़, नरेश शर्मा, पुनीत सरपाल, मदन लाल शर्मा, विजेंद्र चौहान, आरती सहगल, रामबाबू यादव, फकीरचंद सैनी, बलविंदर सिंह, बलकेश वत्स, बिल्लू राणा, मदन लाल शर्मा, श्याम सुंदर अरोड़ा भी मौजूद रहे।

# कुवि शिक्षक संघ का चुनाव 26 अगस्त को



**कुरुक्षेत्र।** प्रधान पद के लिए नामांकन सौंपते डॉ. जीतेंद्र खटकड़।

- आज वापस लिए जा सकेंगे नामांकन, पांच पदों के लिए कुल 13 ने जमा करवाए पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कुटा) चुनाव 26 अगस्त को होगा। प्रधान पद के लिए डॉ. जीतेंद्र खटकड़ और डॉ. नरेश सागवाल के बीच सीधी टक्कर होगी। करीब 332 मतदाता शिक्षक अपने वोट के जरिये फैसला करेंगे।

पांच पदों के लिए कुल 13 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे। कोषाध्यक्ष पद के लिए चार नामांकन पहुंचे हैं। वहीं उपप्रधान पद पर तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव अधिकारी कृष्ण चंद्र पांडे की देखरेख में नामांकन पत्रों की जांच हुई। अब 18 को दोपहर दो बजे तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। मतदान 26 को सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक होगा और मतगणना तीन बजे के बाद शुरू होगी। प्रधान पद के लिए डॉ. जीतेंद्र खटकड़ व डॉ. नरेश सागवाल ने नामांकन किया है।

#### इन्होंने भरे पर्चे

संकाय सदस्यों के लिए डॉ. लता खेड़ा साइंस व डॉ. विनिता भांकर , डॉ. अशोक कुमार ने नामांकन भरा है। इंजीनियरिंग के लिए डॉ. मंजीत सिंह ला : डॉ. सुधीर कुमार कॉमर्स एंड मैनेजमेंट : डॉ. दिनेश धनखड़ ने नामांकन भरा है। फीमेल टीचर फैकल्टी के लिए डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, सोशल साइंस के लिए डॉ. राज रतन, डॉ. विजेंद्र सिंह और साइंस के लिए डॉ. हरदेव सिंह, डॉ. संगीता ने नामांकन भरा है। आईआईएचएस के लिए डॉ. ज्योति चौहान, डॉ. रजनी गोयल, डॉ. रितु सैनी, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के लिए डॉ. जितेंद्र आचार्य और डॉ. राजवीर सिंह ने नामांकन भरा है।

उपप्रधान पद के लिए डॉ. संजय कुमार, डॉ.सुधीर कुमार व डॉ. विजय कुमार ने नामांकन दाखिल किया है। सचिव पद के लिए डॉ. सुरेंद्र कुमार व डॉ. संजय कुमार ने नामांकन भरा है। सहसचिव पद के लिए डॉ. लता खेड़ा व डॉ. सुधीर कुमार आमने-सामने होंगे। कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ. लता खेड़ा, डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. रमेश कैत व डॉ. सतीश कुमार ने नामांकन भरा है।

# फर्जी तरीके से प्रॉपर्टी बेचने का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया

थाना शहर यमुनानगर पुलिस ने टैगोर गार्डन में फर्जी तरीके से प्रापर्टी बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

शहर यमुनानगर थाना प्रभारी नरेंद्र राणा ने बताया कि फरीदाबाद के सेक्टर आठ निवासी योगेश शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी एक प्रापर्टी यमुनानगर में टैगोर गार्डन में है। इस प्रापर्टी पर विवाद चल रहा है। जिसके चलते कोर्ट से स्टे लिया हुआ है। आरोप है कि विक्रम बक्शी व विशाल बक्शी दोनों भाइयों ने नगर निगम के अधिकारियों से मिलीभगत कर इस प्रापर्टी पर नई प्रापर्टी आइडी बनाई। करोड़ों की इस प्रापर्टी को धोखे से सस्ते में बेच दिया गया। इस मामले में पुलिस ने जांच की। पुलिस ने आरोपियों को बुलाया लेकिन वह पेश नहीं हुए। इसके बाद नगर निगम से रिकार्ड लिया गया। जिसमें पता लगा कि आरोपियों ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर यह प्रापर्टी आइडी बनाई है। 140 गज की यह प्रापर्टी थी। इस पर कोर्ट का स्टे भी था। इसके बावजूद नई प्रापर्टी आइडी तैयार कर दी गई और बेच दिया गया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर यमुनानगर पुलिस टीम ने टैगोर गार्डन निवासी विक्रम बक्शी उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया गया है।



**यमुनानगर।** पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

# धोखाधड़ी करने का 25 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने एटीएम अपडेट करने के नाम पर धोखाधडी करने के 25 हजार के ईनामी आरोपी शमशेर आलम वासी नवाडीह जिला जामताड़ा झारखंड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 3 मार्च 2021 को मनोज कुमार वासी थानेसर ने शिकायत में बताया कि 1 मार्च 2021 को बैंक से एटीएम कार्ड बनवाकर लाई थी। उसने एटीएम में जाकर पासवर्ड डालने की कोशिश की लेकिन मशीन ने कुछ नहीं दिखाया। जिस वजह से उसने कस्टमर केयर से बात की तो उन्होंने कहा कि हम इसे ऑनलाइन चालू कर देंगे। आपके पास ओटीपी आएगा हमें वह नम्बर दे देना। उसके बाद उसने उससे ओटीपी लिया और कहा कि कल आपका एटीएम कार्ड चालू हो जाएगा। उसके फोन पर मैसेज आया कि आपके खाते से 1 लाख 97 हजार 500 रुपए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर हो चुके हैं जबकि उसने किसी के खाते में कोई ट्रासंफर नही किए हैं। थाना साईबर क्राइम कुरुक्षेत्र की टीम ने धोखाधडी करने के आरोपी संजीव कुमार राउत वासी दुधानी दुमका जिला दुमका झारखंड व सलमान अंसारी वासी नवाडीह झारखंड को गिरफ्तार कर लिया था।

# स्नैचिंग व लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

- एक बाइक व छीने गए तीन मोबाइल बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने राहगिरों से मोबाइल स्नेचिंग व लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को काबू किया। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम ने सूचना के आधार पर एक बाइक पर सवार दो युवकों को सेक्टर 18 निजामपुर गंदा नाला के पास से हिरासत में लिया।

उन्होंने अपनी पहचान इसान पुत्र लाजपत निवासी कोट मोहल्ला सोनीपत हाल किरायेदार कच्चा कैंप व सौरव पुत्र गुलशन निवासी महावीर कॉलोनी हाल किरायेदार सेक्टर 6 के रूप में बताई। दोनों आरोपियों ने 11 मार्च 2024 को उक्त बाइक पर सवार होकर जीटी रोड पर सेक्टर 11 मोड़ के पास एक्टिवा सवार एक युवक से मोबाइल स्नैच करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त वारदात के अतिरिक्त राहगिरों से स्नेचिंग व लूट की तीन अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्नेच किए तीन मोबाइल फोन, 2 हजार रूपए व वारदात में प्रयुक्त एक बाइक बरामद कर आज न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



**पानीपत।** लूट के आरोपियों के साथ पुलिस टीम ।

# ई-सिगरेट बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- 12.40 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

पुलिस ने नशे में उपयोग होने वाली ई सिगरेट सहित दो युवकों को काबू किया है। यह कार्रवाई अंबाला पुलिस की एएनसी सैल द्वारा की गई। एक अन्य मामले में पुलिस ने 12 ग्राम 40 मिलीग्राम हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को काबू कर लिया।

अंबाला को सूचना मिली थी कि दो युवक अंबाला शहर के जण्डली पुल के पास खड़े हैं। उनके पास कुछ ई सिगरेट हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को काबू कर लिया। एएनसी सैल के निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि आरोपियों की पहचान अमन वासी निशांत बाग व साहिल कुमार वासी तोपखाना बाजार अंबाला छावनी के रूप में हुई है।

ऋषि पाल ने बताया कि 16 अगस्त 2025 को एएनसी सैल के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी नशे में प्रयोग होने वाली ई सिगरेट बेचने का कार्य करते हैं। वे जंडली पुल के पास ई सिगरेट बेचने के लिए घूम रहे है। इसके बाद अंबाला पुलिस ने आरोपियों को काबू कर लिया।

# अभय चौटाला ने 25 सितंबर की रोहतक रैली का दिया निमंत्रण

- गांव संधौली में जनसभा को संबोधित किया

**पिहोवा।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने आज पिहोवा के कुरुक्षेत्र रोड पर गांव संधौली स्थित एस.आर फॉर्म में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में इनेलो को प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, प्रदेश महासचिव बूटा सिंह लुखी, जिला अध्यक्ष जयपाल चढ़ूनी, हल्का प्रधान रिम्पी वड़ैच इत्यादि नेताओं ने संबोधित किया।

चौटाला ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपील करते हुए 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल की जयंती पर रोहतक में होने वाली रैली में भारी संख्या में पहुँचने का आह्वान किया। अभय चौटाला ने कहा कि ताऊ देवीलाल ने हमेशा किसानों, गरीबों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष किया था और उनकी नीतियों को आगे बढ़ाना इनेलो का संकल्प है। उन्होंने कहा कि यह रैली प्रदेश की राजनीति की दिशा तय करेगी और जनता के मुद्दों को आवाज देने का काम करेगी। कार्यक्रम में भीड़ को देख अभय चौटाला गदगद हो गए और हल्का प्रधान रिम्पी वड़ैच, बलदेव वड़ैच की पीठ थपथपाई। रिम्पी वड़ैच, बलदेव वड़ैच व राज संधू ने अभय चौटाला, रामपाल माजरा सहित अन्य नेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुरेश नैन, आकाश नैन,परमजीत चट्ठा, आदि मौजूद रहे।



### हर जिले में नंदी गोशालाएं स्थापित कर रही प्रदेश सरकार

# गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास : पंवार

- कोई भी पंचायत दो एकड़ जमीन गोशालाओं को दे सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश की 687 पंजीकृत गौशालाएं अपने पैरों पर खड़ी हो।

सरकार प्रत्येक जिले में नंदी गोशालाएं स्थापित कर रही है। गायों की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाया गया हैं। इस तरह का अपराध करने वालों को 10 साल की सजा और जुर्माना लगाने का कानून कैबिनेट में पारित किया गया है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार इसराना विधानसभा क्षेत्र की नौ गांवों की पंजीकृत गौशालाओं में आयोजित चेक वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने गौशालाओं में आ रही समस्याओं को दूर करने का भी आश्वासन गौशाला समितियों को दिया। पंवार ने कहा कि गौशालाओं में गौ के इलाज की सुविधा भी सरकार उपलब्ध करा रही है। मंत्री ने कहा कि कोई भी ग्राम पंचायत दो एकड़ जमीन गौशालाओं के चारे के लिए देना चाहे तो दे सकती है। उन्होंने कहा कि नैन गांव में नंदी के लिए 50 एकड़ में गौशाला है। जिसमें पूर्ण सुविधाएं है। जिसमें 3 हजार के करीब नंदी हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पिंजौर और फरीदाबाद में पेंट की फैक्ट्रियों में गाय के गोबर का इस्तेमाल किया जाता है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौशालाओं को आधुनिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



**पानीपत।** गोशालाओं के पदाधिकारियों को चेक सौंपते हुए मंत्री कृष्ण लाल पंवार ।

#### इनको वितरित किए चेक

इस मौके पर उन्होंने डेरा बाबा लाठे वाला नौल्था गौशाला को 19 लाख 17 हजार 900 व 14 लाख 30 हजार सौ रुपए का चेक दिया। बाल गोपाल कृष्ण गौशाला सेवा समिति मांडी को 13 लाख 83 हजार 120 रुपए का चेक दिया। जबकि लॉर्ड शिवा गौशाला समिति शाहपुर को 38 लाख 89 हजार 260 रुपए व महादेव गौशाला समिति अहर को 3 लाख 37 हजार 950 रूपये का और जगत गुरु ब्रह्मानंद गौशाला समिति कुराना को 18 लाख 68 हजार 400 रुपए का, श्री गणेश गौशाला उरलाना कलां को 12 लाख 95 हजार 500 रुपए का और शिव गौशाला समिति मतलौडा को 31 लाख 27 हजार 45 और 66 लाख 96 हजार 45 रुपए, शहीद भगत सिंह गौशाला सभा धर्मगढ़ को 9 लाख 53 हजार 550 और गोकुलधाम गौशाला रेर कलां को 4 लाख 15 हजार 350 रूपये का चैक समिति के सदस्यों को सौंपा।

# गोशालाओं को चारा अनुदान राशि दी

- शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने सिवाह गोशाला में बांटे चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सभी प्रयास कर रही है। सरकार द्वारा गौशालाओं की चारा अनुदान राशि के अलावा हर संभव मदद की जा रही है। जबकि वर्ष 2014 में प्रदेश में भाजपा की सरकार आने से पूर्व पहले की सरकारों ने गौशालाओं की कोई मदद नहीं की।

गौशालाओं को भी गायों की नस्ल सुधार करके, गौ मूत्र से आयुर्वेदिक प्रोडक्टस बनाकर व गोबर से जैविक खाद आदि बनाकर अपनी आमदनी के साधन बढाने चाहिये ताकि गौशाला प्रबंधन समितियों को गौशालाओं को चलाने के लिये किसी से आर्थिक मदद मांगने की जरूरत ना पड़े। हालांकि गौशालाओं की आय बढाने को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा पूरी मदद की जाएगी।

मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि आज चौटाला रोड स्थित कर्मयोगी श्री कृष्ण गौशाला सिवाह में आयोजित चारा अनुदान राशि चैक वितरण समारोह में पानीपत ग्रामीण हलके की गौशाला के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मंत्री महीपाल ढांडा ने पानीपत ग्रामीण हलके की गौशालाओं के प्रतिनिधियों को 27 लाख 42 हजार के चैक वितरीत किये। जिसमें सिवाह गौशाला, बडौली गौशाला व राजाखेडी गौशाला शामिल हैं। मंत्री महीपाल ढांडा का सिवाह गौशाला के संरक्षक व अन्य ने स्वागत किया।



**पानीपत।** सिवाह गोशाला में मंत्री महीपाल ढांडा का स्वागत करते हुए।

## खबर संक्षेप



### दृष्टिहीन भी बन रहे हैं प्रेरणास्रोत : हरविंद्र

**करनाल।** पंचायत भवन में क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन हरियाणा का आठवां स्थापना दिवस आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि दृष्टिहीन व्यक्ति अपनी हिम्मत और जज्बे से समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रहे हैं।उन्होंने ऐच्छिक कोष से एसोसिएशन को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की और कहा कि भविष्य में करनाल में दृष्टिबाधितों का क्रिकेट टूर्नामेंट भी आयोजित किया जाए। प्रधान अजीत सिंह पटवा और महासचिव कृष्ण कुमार मलिक ने टूर्नामेंट की हां भरी। विधानसभा अध्यक्ष ने दृष्टिबाधित खिलाड़ी दीपक, प्रवीण, चंदन, इरफान, रोहित, धर्म, रेखा, रेखा नागपाल, ऊषा राणा और लाडली को स्मृति चिह्न और 1100 रुपये देकर सम्मानित किया। महासचिव कृष्ण कुमार मलिक ने मांग पत्र सौंपते हुए परीक्षा में राइटर उपलब्ध कराने, दिव्यांगों के बैकलॉग को पूरा करने और वार्षिक ग्रांट निर्धारित करने की मांग उठाई।

### कैडेट्स को एसडीएम ने किया सम्मानित



**रादौर।** रादौर के जेएमआईटी संस्थान की एनसीसी के 24 कैडेट्स को एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार ने उपमंडलस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने कैडेट्स द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की सराहना की है। संस्थान के निदेशक डॉक्टर संजीव कुमार गर्ग ने बताया कि जेएमआईटी संस्थान के एनसीसी के 24 कैडेट्स ने उपमंडलस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इन कैडेट्स ने प्लाटून कमांडर वंश के मार्ग दर्शन में अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को भाव विभोर कर दिया। जिससे संस्थान का नाम रोशन हुआ है। एसडीएम नरेंद्र कुमार ने संस्थान की एनसीसी टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया और उन्हें सर्वश्रेष्ठ घोषित किया।

### वर्ल्ड फोटोग्राफर दिवस पर कार्यक्रम 18 को

**पानीपत।** पानीपत फ ोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा इस बार भी वर्ल्ड फोटोग्राफी दिवस 18 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष प्यारेलाल कोहली ने बताया कि इस वर्ष भी विश्व फोटोग्राफी दिवस पर पानीपत फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा 18 अगस्त को सुबह 10 बजे से असंध रोड सौदापुर स्थित मोती बाग में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला के सभी फोटोग्राफरों से कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

### केक काटकर मनाया जन्माष्टमी का पर्व



**रादौर।** गांव फतेहगढ़ स्थित श्रीबालाजी मंदिर में गत शनिवार देर रात केक काटकर जन्माष्टमी का पर्व मनाया। इससे पहले मंदिर में भजन संकीकर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालु गोल्डी, अंशुल, शुभम सैनी, रवि व अरूण आदि ने बताया कि गांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीबालाजी मंदिर में भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। भजन संकीर्तन देर रात तक चलता रहा।

## जिलेभर में हुई तेज बरसात, जलभराव से परेशानी

# बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, खेतों में पकने को तैयार खड़ी अगेती धान की फसल पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में रविवार को रुक रुक कर कभी तेज तो कभी हल्की बारिश होने से जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया। बारिश होने से सड़कों पर कई स्थानों पर पानी भरने से यातायात काफी प्रभावित रहा। वहीं नीचले इलाकों में पानी भरने से लोग प्रभावित हुए। खास बात यह रही कि आए दिन हो रही बारिश से किसान अपनी खेतों में पकने को तैयार खड़ी धान की फसल को लेकर चिंतिंत हो गए हैं। वहीं, बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

रविवार सुबह लोग नींद से जागे तो आसमान में घने बादल छाए हुए थे और मंद मंद हवा चल रही थी। इस दौरान मौसम सुहावना बना हुआ था। मगर सुबह छह बजते ही बुंदाबांदी शुरू हो गई और इसके बाद बारिश ने रफ्तार पकड़ ली और जिले के कई स्थानों पर रुक रुक कर कभी तेज तो कभी हल्की बारिश होने से जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त हो गया। जिले के कई नीचले इलाकों, सड़कों व गलियों में पानी भरने से लोग परेशान हो गए। आलम यह रहा कि बारिश से भरे पानी से सड़कों पर कीचड़ बन गया और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आलम यह रहा कि बारिश के पानी से सड़कों पर चलने वाले वाहन चालकों व पैदल लोगों को बारिश ने कम सड़कों पर भरे पानी ने ज्यादा भिगोया। सड़कों पर बने कीचड़ में कई वाहन चालक नीचे गिरकर कर कीचड़मय हो गए और उन्हें कपड़े गंदे होने पर अपने गंतव्य पर जाने की बजाए वापस घरों में लौटना पड़ा।

### नीचले इलाकों में पानी भरने से जनजीवन रहा प्रभावित





**यमुनानगर।** रविवार को हुई बारिश के बाद सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजरते वाहन चालक व अन्य लोग।

### धान को होगा नुक्सान

किसान महावीर सिंह, गुलाब सिंह, कुलदीप कुमार, दिलीप सिंह, रवि कुमार व पवन आदि ने बताया कि आज कल अगेती किस्म की धान खेतों में पकने को तैयार खड़ी है। ऐसे में आए दिन हो रही बारिश अगेती धान की फसल के लिए काफी नुक्सानदायक है। यदि बारिश जारी रही और उसके साथ हवा चली को पकने को तैयार खड़ी धान खेतों में नीचे बिछ जाएगी।

### तापमान में आई गिरावट

रविवार को हुई तेज बारिश से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव बना रहेगा।

## दुकान, शोरूम और शिव मंदिर से नगदी समेत हजारों का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग अलग तीन स्थानों पर चोरों ने दुकान, शोरूम व शिव मंदिर से नगदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में गांव संखेड़ा निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि उनकी छछरौली रोड स्थित श्रीराम करियाना के नाम से दुकान है। 16 अगस्त को दोपहर सवा दो बजे दुकान पर ताला लगाकर खाना खाने घर आ गए थे। इसके बाद वापस दुकान पर जाकर देखा तो दुकान का शटर खुला था और अंदर काउंटर के गल्ले से 45 हजार रुपये की नकदी चोरी थी। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। इस दौरान सीसी कैमरों से रिकॉर्ड फुटेज जांची तो पाया कि दुकान में अज्ञात युवक घुसा और नकदी लेकर चला गया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। लोगों की मांग है कि चोरों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए।

**शोरूम**

### एसी, टीवी और मूर्तियां चुराई

थाना फर्कपुर क्षेत्र के ससौली रोड स्थित शोरूम से एसी, एलईडी टीवी व मंदिर से तीन मूर्तियां चोरी हो गईं। घटना 15 अगस्त की रात हुई। अगले दिन शोरूम पहुंचने पर चोरी का पता चलने पर संचालक रोहित धीमान ने शिकायत फर्कपुर पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**मंदिर**

### 12 हजार की दान राशि ले गए चोर

थाना रादौर क्षेत्र के गांव हुडियां स्थित शिव मंदिर से 12 हजार रुपये की दान राशि चोरी कर ली गई। यहां चोरों ने 15 अगस्त की रात दानपात्र तोड़कर घटना को अंजाम दिया गया। गांव के सन्नी ने शिकायत रादौर पुलिस को दी।

## केंद्र सरकार ने सभी का विकास किया : मनोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन व शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व विकास किया है। किसान, महिला, युवा, व्यापारी – हर वर्ग के हित में कार्य हुए हैं।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने तीन तलाक समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाया, धारा 370 हटाकर कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ा। ऊर्जा के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं। प्राइवेट नौकरी पाने वाले युवाओं को 15 हजार रुपये प्रतिमाह का लाभ देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का बजट रिजर्व रखा गया है कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा – "वोट चोरी कांग्रेस ने अपने राज में की थी। आज कांग्रेस घुसपैठियों के वोट लेने को आतुर है। उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसी स्थिति है। देश की जनता सब जानती है।"संघ की 100वीं वर्षगांठ पर मनोहर लाल ने कहा कि इस अवसर ने देशवासियों में देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया है। "देश पहले" का भाव संघ और भाजपा की कार्यशैली से जनता में जगा है, यही कारण है कि जनता भाजपा को लगातार अवसर दे रही है।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट : चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

इंडियन नेशनल लोकदल के सुप्रिमो चौधरी अभय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश में कानू व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। उन्होंने उक्त शब्द रविवार को रादौर के सफल पैलेस में आयोजित इनेलो के कार्यकर्ता सम्मेलन में कहे। मौके पर कार्यकर्ताओं ने चौधरी अभय चौटाला का जोरदार स्वागत किया। इनेलो के सुप्रिमो व राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। जनता का भाजपा सरकार से भरोसा उठ चुका है। प्रदेश की जनता ने भाजपा को चलता कर इनेलो को सत्ता सौंपने का पूरी तरह से मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इनेलो ही एकमात्र ऐसी पार्टी है। जिसका कार्यकर्ता आज भी चट्टान की तरह मजबूती से खड़ा है। प्रदेश में 10 साल कांग्रेस का राज रहा। कांग्रेस के राज से दुखी होकर जनता ने बदलाव कर भाजपा को सत्ता सौंपी थी। लेकिन 11 साल के शासनकाल के बाद भाजपा राज से आज हर वर्ग दुखी एवं परेशान है। भाजपा राज में प्रदेश कर्ज के बोझ तले दब चुका है। रोजगार न मिलने सें प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ी है।




**रादौर।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला।

### 25 को दिखाएं ताकत

अभय ने कहा है कि प्रदेश में इनेलो की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को रोहतक में 25 सितंबर को की जा रही रैली में ताकत दिखानी होगी। अभय चौटाला ने रादौर हलके की जनता को ताऊ देवी लाल जयंती समारोह में पहुंचने का न्यौता दिया। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने भी सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इसके बाद अभय चौटाला ने यमुनानगर में भी कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन किया। इस अवसर पर इनेलो के हलका प्रधान सर्वप्रिय जठलाना, सुभाष खुर्दबन, मांगा राम गुंदयानी, खिला राम नरवाल व सुरजीत सिंह भूरा आदि मौजूद रहे।

## मुसीबत बन रहे बेसहारा गोवंश, कई को घायल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

खेतों में लहलहा रही धान की फसल समेत अन्य फसलों में रादौर क्षेत्र के नाचरौन समेत अन्य गांव में दर्जनों की संख्या में घूम रहे बेसहारा गोवशंजो ने तबाही मचा रखी है। खास बात यह है कि बेसहारा गोवंशज राह चलते लोगों पर हमला करके उन्हें घायल कर रहे हैं। जिसका उदाहरण गांव नाचरौन में बेसहारा गोवंशज द्वारा एक महिला पर हमला कर उसे गंभीर रुप से जख्मी करने का है। गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भरती करवाया गया। किसानों ने सरकार से गोवंशों को पकड़ने के लिए पंचायतों को निर्देश दिए जाने व की मांग की है।





**रादौर।** ग्रामीण इलाकों में घूम रहे बेसहारा गोवंशज व गोवंशज के हमले में घायल हुई वृद्ध महिला अस्पताल में उपचार करवाते हुए।

### धान व चारा की फसलों को पहुंचा रहे नुक्सान

किसान साहब सिंह, कुलदीप सिंह, पवन कुमार, राज सिंह, दिलीप कुमार व सुमित आदि ने बताया कि पिछले लंबे अर्से से रादौर के नजदीक लगते दर्जनों गांव में बेसहारा गोवंशज लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। दिन में किसी तरह किसान अपने खेतों में इन बेसहारा गोवंशजो को घुसने नहीं दे रहे हैं। मगर रात के समय यह गोवंशज खेतों में घुसकर तबाही मचा रहे हैं। अधिकांश किसान रात-रात भर जागकर पहरा देने को मजबूर हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि आजकल अगेती धान जहां खेतों में पकने को तैयार खड़ी है। वहीं, मोटी धान व पछेती धान में बालियों का निशराव चल रहा है।

### महिला पर हमला

गांव नाचरौन निवासी पवन राणा ने बताया कि उसकी करीब 80 वर्षीय माता संतोष रानी घर के बाहर खड़ी हुई थी। इस दौरान एक बेसहारा गोवंशज ने उसकी माता पर सींगों से हमला कर उसे बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। तभी आसपास के ग्रामीणों ने बड़ी मुश्क्कत कर उसकी माता को गोवंश से बचाया। हमले में उसकी माता घायल हो गई।

## नशा रोकने को समाज करे सहयोग : अरुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने शहर के विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्त जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशा के दुष्प्रभाव व बचाव को लेकर जागरुक किया। मौके पर उन्होंने लोगों को नशा के विरुद्ध शपथ दिलाई। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में नशा मुक्त अभियान चलाया हुआ है। जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशा के दुष्प्रभाव व उससे बचाव के बारे जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक सेल ने नशा से बचाव को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं, लोगों को शराब, अफीम व गांजा आदि नशीली दवाओं का सेवन करने से शरीर में होने वाले हानिकारक दुष्प्रभाव के बारे में जागरुक किया गया। सेल प्रभारी अरुण कुमार ने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव का सीधा असर हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। इन दवाओं का अधिक सेवन करने से शरीर के विभिन्न अंग और अंगों के साथ साथ दिमाग पर भी बुरा असर पड़ता है। नशा एक गंभीर समस्या है। जो समाज में व्याप्त हो रही है। इसके दुष्प्रभाव व्यक्ति, परिवार और समाज को प्रभावित करते हैं।



**यमुनानगर।** कार्यक्रम में जागरुक करते पुलिस अधिकारी।

## आर्य समाज में हवन किया, पंजाबी सभा ने कार्यक्रम कर दी श्रद्धांजलि

# रादौर में शहीद मदनलाल ढींगरा को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

आर्य समाज रादौर के सदस्यों ने रविवार को शहीद मदन लाल ढींगरा के शहीदी दिवस पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों ने आहुति डालकर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की। आर्य समाज रादौर के प्रचार मंत्री अमित कांबोज ने बताया कि अमर बलिदानी मदन लाल ढींगड़ा का नाम स्वतंत्रता सेनानियों में एक प्रेरक के रूप में लिया जाता हैं। इनका जन्म 18 सितंबर 1883 को अमृतसर के सम्पन्न परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम गीतमल था। अपनी प्रारंभिक पढ़ाई लाहौर में पूरी करने के बाद ये आगे पढ़ने के लिए लंदन गए। वहां लन्दन यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पढ़ने के लिए दाखिला लिया। वहां इनका संपर्क लंदन के इंडिया हाउस में महान क्रांतिकारी वीर सावरकर व श्याम जी कृष्ण वर्मा से हुआ। उन्हीं से प्रेरित होकर उन्होंने भारत को अंग्रेजों से मुक्त कराने की कसम खाई। एक रिटायर्ड अंग्रेज अधिकारी कर्नल विलियम वायली जो भारतीयों से विशेष घृणा करता था। उसकी घृणा पूर्ण हरकतों की वजह से मदन लाल ढींगड़ा ने उसको स्वयं ही मारने का निर्णय ले लिया। 1 जुलाई 1909 को मदनलाल ढींगड़ा ने एक कार्यक्रम में वायली पर गोलियों की बौछार कर दी और अंग्रेज वायली मोके पर मारा गया। इस हत्याकांड के बाद अंग्रेज सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर मात्र 25 वर्ष की आयु में 17 अगस्त 1909 को फांसी पर चढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि अमर बलिदानी मदनलाल ढींगरा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। हम सभी को उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। इस अवसर पर आर्य समाज रादौर के सभी सदस्य मौजूद रहे।



**रादौर।** आर्य समाज भवन में हवन में भाग लेते स्थानीय लोग।

### पंजाबी सभा ने मनाया मदनलाल ढींगरा का शहीदी दिवस

**रादौर।** पंजाबी सभा रादौर के तत्वावधान में रविवार को शहीद मदनलाल ढींगरा का शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मौके पर सभा के प्रधान अशोक गुंबर ने गणमान्य के साथ शहीद ढ़ींगरा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभा के प्रधान अशोक गुंबर ने कहा कि शहीद मदनलाल ढींगरा भारत माता के सच्चे सपूत थे। उन्होंने डटकर अंग्रेजों की गुलामी का विरोध किया। केवल 22 वर्ष की आयु में 17 अगस्त 1909 को अंग्रेजों ने उन्हें फांसी की सजा देकर शहीद कर दिया। उनका जन्म 1887 में अमृतसर में हुआ था। उन्होंने लंदन यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में प्रवेश लिया। उन दिनों लंदन भारत के क्रांतिकारियों का केन्द्र था। शाम जी कृष्ण वर्मा, विनायक दामोदर सावरकर भी वहीं पहुंचे हुए थे। उन्होने बताया कि श्यामजी कृष्ण वर्मा ने इंडियन होमरूल सोसायटी की स्थापना की थी। मदनलाल ढींगरा इंडिया हाऊस में अधिक दिन नहीं रहे। मगर मदनलाल के मन में अंग्रेजों के प्रति आक्रोश उत्पन्न हो गया था। वहीं से उन्होंने क्रांतिकारियों का साथ देना शुरू किया। एक जुलाई 1909 को मदनलाल ने एक समारोह में कर्जन वायली को गोली मार दी। जिससे कुछ दिनों बाद उसकी मृत्यु हो गई। मदनलाल को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर मुकदमा चला। जिसके बाद उन्हें फांसी की सजा दे दी गई। अशोक गुंबर ने कहा कि हमें सदैव अपने शहीदों की कुर्बानियों को याद रखना चाहिए।

## नशे का धंधा करने वालों पर होगी कार्रवाई : राजपाल



**रादौर।** थाना परिसर में बैठक लेते थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा थाना रादौर में पीस कमेटी के सदस्यों की बैठक की आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रादौर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने की। बैठक में शहर के गणमान्य लोगों के साथ थाना प्रभारी ने विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की।

थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने पीस कमेटी के सदस्यों द्वारा कस्बा समेत क्षेत्र में बढ़ रहे नशा की रोकथाम के बारे में कहा कि इस समस्या को दूर करने के लिए सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वाले लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा क्षेत्र में बिना नंबर की बाइक चलाने वाले लोगों पर वह सख्त कार्रवाई किए जाने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बाइक से पटाखे चलाने पर भी कार्रवाई होगी। बाइक पर मुंह को कपड़े से ढक कर चलने वाले लोगों को भी नहीं बख्शा जाएगा। बाजार में अतिक्रमण करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई होगी। मौके पर नगर पालिका के चेयरमैन रजनीश मेहता शालु, सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया, प्रधान अशोक गुंबर, मंजीत सिंह पंजेटा, वेद प्रकाश कांबोज, कृष्ण मक्कड़, अमित कांबोज, मुकेश अरोड़ा मक्की, मंगतराम बठला, डॉ. बिमल गर्ग, राजु पुरूथी, धर्म सिंह पिंकी, राजेश कांबोज, प्रवेश कुमार, त्रिलोचन सिंह टोची व संदीप मौजूद रहे।

## इस्कॉन श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में भव्य जन्माष्टमी महोत्सव, उमड़ा जनसैलाब

# 'कन्हैया लाल की जय' के जयकारों से गूंजा वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





जिला भर के मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पिहोवा रोड़ स्थित इस्कॉन श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में शनिवार रात जन्माष्टमी महोत्सव भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और देर रात तक गूंजते रहे हरे कृष्ण के मधुर कीर्तन। संध्या से ही मंदिर में भक्ति गीत और कीर्तन शुरू हो गए थे। हजारों दीपों और रंग-बिरंगी रोशनियों से सजे मंदिर में श्रद्धालु देर रात तक डटे रहे। जैसे ही घड़ी ने 12 बजाए, पूरे परिसर में कन्हैया लाल की जय के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। पंचगव्य महाअभिषेक के दिव्य दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगीं और हर कोई उस क्षण का साक्षी बनने को उत्सुक दिखाई दिया। इस अवसर पर सात दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन भी हुआ। कथा के दौरान प्रतिदिन भगवान को 56 भोग अर्पित किए गए और अंत में 20,000 से अधिक श्रद्धालुओं में महाप्रसाद वितरित किया गया। महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण युवाओं के लिए रहा। विशाल एलईडी स्क्रीन पर भगवान श्रीकृष्ण की अद्भुत लीलाओं का मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया गया। साथ ही आयोजित कृष्ण ज्ञान क्विज में अनेक युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से चयनित युवाओं को इस्कॉन का विशेष गीता कोर्स करने का अवसर दिया जाएगा। मंदिर परिसर में सजाए गए झूलन दर्शन ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राधा-कृष्ण के झूले के चारों ओर पुष्पों की सुगंध और भक्तों की भीड़ उमड़ आई। इसके साथ ही लगी आध्यात्मिक पुस्तकों की प्रदर्शनी में गीता, भागवत और अन्य वैदिक ग्रंथों के साथ भक्ति संगीत व चित्रों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

### श्रीकृष्ण जन्म की गहराई को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझाया



**शाहबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रभु अनुभूति भवन में जन्माष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना के साथ भव्य रूप में मनाया गया। इस दिव्य अवसर पर समग्र वातावरण श्रीकृष्ण की झांकियों, मधुर भजनों, आध्यात्मिक विचारों और भक्तिरस से सराबोर हो उठा। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी नीति दीदी ने श्रीकृष्ण जन्म की गहराई को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म आत्मा की चेतना के उत्थान का प्रतीक है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जब धर्म की स्थिति गिरती है, तब स्वयं परमात्मा अवतरित होकर अंधकार में प्रकाश फैलाते हैं। दीदी ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए आत्मिक पावनता और प्रेमपूर्ण जीवन की प्रेरणा दी। ब्रह्माकुमारी निजा दीदी ने स्वर्णिम युग की कल्पना को साकार करते हुए बताया कि संगम युग वह विशेष समय है, जब परमात्मा स्वयं आकर आत्माओं को दिव्यता प्रदान करते हैं और एक सतयुगी, दैवी दुनिया की स्थापना होती है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण उस विश्व के प्रथम राज कुमार हैं और हम सभी आत्माएं उनके जैसे दिव्य स्वरूप को प्राप्त कर सकते हैं। इस भव्य कार्यक्रम में समाजसेवी विक्की सेठी, बलदेव खुराना, सुरेश शर्मा, सुरेंद्र, अनिल अरोड़ा, कपिल देव, ज्ञानचंद, कल्याणा से जय सिंह, झरौली कलां से हंसराज, पाडलू से जीतपाल, मीनू सपड़ा, सोनिया, राम, कमलेश, सुनीता, शकुंतला, सुखविंदर, आरती, शैलजा, सरोज, शीला, रजनी, प्रेम, सतवंती, राममूर्ति, छाया, चंचल, नीतू, खानपुर से स्नेहलता, अरूपनगर से सुषमा, याचिका, रेखा, जंधेड़ी से सुनीता, सुमन, मीनू सहित नगर व आसपास के गांवों से अनेक श्रद्धालु व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने राजयोग का अभ्यास कर आत्मिक शांति का अनुभव किया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण की सुंदर झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भजनों की गूंज ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में प्रभु प्रसाद का वितरण किया गया।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में मनाई जन्माष्टमी

**कुरुक्षेत्र।** अमीन रोड़ 7 सी, कुरुक्षेत्र में स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु श्री आशुतोष जी महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री ब्रह्मनिष्ठा भारती ने प्रभु के जन्म एंव उनके जीवन की लीलाओं के भीतर छिपे आध्यात्मिक रहस्यों को उजागर किया। जो केवल मात्र प्रभु की जीवन गाथा का वर्णन नही अपितु एक विश्लेषणात्मक आध्यात्मिक अंतर दृष्टि से परिपूर्ण प्रभु के अवतरण व प्रकटय के दिव्य रहस्यों को परिलक्षित करता प्रसंग है। साध्वी ने बताया कि प्रभु का अवतरण धर्म के जिस संदेश को धारण किए हुए है वह हर युग काल व देश की सीमाओं से परे हैं व वर्तमान युग की समस्त समस्याओ का निवारण प्रस्तुत करता है। संसार में नाना प्रकार के रोग, शोक, जन्म, मृत्यु इत्यादि में पडे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार में अन्धे हो चुके मानव को सन्मार्ग पर लाने के लिए प्रभु अवतीर्ण होते है। प्रभु का जन्म रात्रि के समय हुआ जो हम सबके लिए एक सन्देश है कि जब मैं प्रकट होता हूँ, तो अज्ञान रूप अंधकार हट जाता है और जब प्रभु का अवतरण हमारे घट मे होता है तो हमारे भीतर का अज्ञान भी मिट जाता है। ज्ञान रूपी प्रकाश प्रकट हो जाता है। प्रभु का जन्म कारागार में हुआ। साध्वी ने बताया कि यह कारागार हमारे मानव तन का प्रतीक है जिसमें ईश्वर का वास है। लेकिन माया की नींद में सोए होने के कारण हम उनका दर्शन नहीं कर पाते। इसलिए जब तक हम माया के पाश से बाहर नही आ जाते तब तक प्रभु दर्शन नही कर पाते। इसलिए जब तक हम माया के पाश से बाहर नहीं हो सकते। उन्होने बताया कि माता देवकी जी ने अपने घट में जिस प्रकार प्रभु के चतुर्भुज रूप में दर्शन किए। ठीक इसी प्रकार हम भी अपने भीतर ऐसा अनुभव पूर्ण सतगुरू की कृपा से कर सकते हैं। साध्वी बहनों द्वारा सुमधुर भजन संकीर्तन का गायन किया गया। समस्त श्रद्धालुगण मंत्रमुग्ध हो उठे।



**कुरुक्षेत्र।** प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

### श्रीकृष्ण संग्रहालय भारतीय संस्कृति और पुरातन धरोहर का जीवंत केंद्र : प्रो. अरुण केसरीवानी

**कुरुक्षेत्र।** विगत कई वर्षों से श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पारम्परिक हर्षोल्लास एवं धार्मिक आस्था के साथ मनाया जाता रहा है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी संग्रहालय में विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए रंगोली/अल्पना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय कृष्ण जन्माष्टमी के प्रतीक रखा गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के माननीय सदस्य आर.एस. पठानिया, पूर्व व्याख्याता तथा डॉ. जया दरोंडे, सह-प्राध्यापक, ललित कला विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विश्वास पब्लिक स्कूल, शाहाबाद की परलीन कौर, नवसीन और आयुषी ने प्राप्त किया, द्वितीय पुरस्कार सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थानेसर की अंजली, तृप्ति और सरिता को मिला तथा तृतीय पुरस्कार एस.डी. गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुन्दरपुर की सुनाक्षी, मन्नत और रिया को प्रदान किया गया।



**कुरुक्षेत्र।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में जन्माष्टमी पर्व पर बच्चे व अन्य अतिथिगण।

### महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

**कुरुक्षेत्र।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने राधा-कृष्ण का वेष रूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम राधा-कृष्ण के मधुर भजन गाकर व नाचकर बच्चों ने उपस्थिति का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राष्ट्र प्रेम मंच के संयोजक विजय कुमार सैनी ने कहा कि योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण जी कहते हैं कि आत्म ज्ञान ही मोक्ष का मार्ग है। भय से मुक्त होकर सत्य के मार्ग पर चलो, सच्चा योगी वह है, जो मन की शांति में स्थिर रहता है। सभी जीव, एक ही परमात्मा का अंश हैं। अत्यधिक मोह ही दुःख का कारण है।

## खबर संक्षेप




### विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति से लूटी वाहवाही

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व सैनिक शक्ति सिंह ने बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया। उनके साथ गांव लुखी के सरपंच रजत तंवर, एसएमसी प्रधान संजय गुप्ता, पूर्व सैनिक लखबीर सिंह, सतबीर सिंह, डेरा अबरावां के सरपंच अंग्रेज सिंह भी मौजूद रहे। बच्चों ने लेजियम, डंबल और मॉस पीटी का शानदार प्रदर्शन किया।

### सरचार्ज माफी योजना के तहत किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त महावीर प्रसाद ने कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई सरचार्ज माफी योजना 2025 के तहत अब उपभोक्ता अपने पुराने बिजली बिलों का भुगतान केवल मूल राशि के आधार पर कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत 31 अगस्त 2024 तक के बकाया बिजली बिलों पर लगाया गया पूरा सरचार्ज फ्रीज कर दिया गया है। उपायुक्त ने बिजली उपभोक्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं के लिए आर्थिक राहत का सुनहरा अवसर है। सभी पात्र उपभोक्ता समय रहते इस योजना से जुड़ें, बकाया बिलों का निपटान करें और भविष्य में नियमित भुगतान की ओर बढ़ें। इससे व्यक्तिगत आर्थिक बोझ कम होगा।

## कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है केयू प्रशंसा पुरस्कार: प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गैर शिक्षक कर्मचारियों को किया सम्मानित




कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केयू गैर-कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए केयू प्रशंसा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अवार्ड कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की उन्नति एवं प्रगति के लिए की गई कड़ी मेहनत एवं परिश्रम के लिए प्रदान किया गया है। केयू प्रशंसा पुरस्कार प्राप्त करने वालों में दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के अधीक्षक हरि सिंह, स्थापना शाखा के सहायक मनदीप शर्मा, कामर्स विभाग के टैक्निकल असिस्टेंट करूणेश गर्ग, यूआईईटी संस्थान के लैब अटैंडेंट हरिकेश तथा कुलपति कार्यालय के यूटेंसिल क्लीनर गोपाल सिंह शामिल हैं। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गैर शिक्षक कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, सर्टिफिकेट, पुरस्कार राशि व अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रॉक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. डीएस राणा, प्रो. तेजेन्द्र शर्मा, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. जितेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कुबेर कॉलोनी में दो पक्षों में हुई झड़प, गाड़ी तोड़ी

**कुरुक्षेत्र।** कुबेर कॉलोनी में दो पक्षों बीच हुई खूनी झड़प के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना 13 अगस्त की है जब कुबेर कॉलोनी मे गुरु मां अंजली दरबार की संचालिका अंजली के बेटे कृष पर दूसरे पक्ष के एक युवक राहुल ने रास्ता रोककर मारपीट की। कृष ने घर लौटकर परिजनों से शिकायत की तो कृष के परिजन राहुल के घर पहुंचे। यहां दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि गुरु मां अंजलि ने अपने साथियों के साथ हथियारों से उन पर हमला किया, जबकि दरबार की संचालिका अंजलि का आरोप है कि वे बातचीत करने गए तो राहुल ने उन पर तलवार से हमला कर दिया और उनकी गाड़ी तोड़ दी।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 5 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा : सुमन

- सुमन सैनी ने निजी पैलेस में आयोजित समारोह में महिलाओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



**लाडवा।** कार्यक्रम में महिलाओं को सिलाई व चैक वितरित करती उपाध्यक्ष सुमन सैनी व अन्य।

हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के संकल्प में स्किल फाऊंडेशन महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में 5 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक 2 लाख 13 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। उन्होंने आज के कार्यक्रम में पहुंची 200 महिलाओं को आह्वान किया कि स्किल फाऊंडेशन द्वारा दिए गए प्रशिक्षण प्राप्त का सही उपयोग करते हुए आत्मनिर्भर बनें और लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो। सुमन सैनी रविवार को स्किल फाऊंडेशन की ओर से लाडवा एक निजी पैलेस में आयोजित समारोह में महिलाओं को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम में लाडवा हलके में स्किल फाऊंडेशन के सिलाई सेंटर में 2 महीने का प्रशिक्षण पूरा करने वाली 200 महिलाओं व युवतियों को एक-एक सिलाई मशीन, सभी को 2-2 हजार रुपए के चैक और प्रमाण पत्र देकर मुख्यातिथि सुमन सैनी ने सम्मानित भी किया।



### हरियाणा में कानून व्यवस्था चौपट सरकार पूर्णतः विफल : दीपेन्द्र हुड्डा

**कुरुक्षेत्र।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा कुरुक्षेत्र के शाहबाद व लाडवा सहित कई जगहों पर सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए और लोगों से मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश में ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था चौपट है। ये सरकार पूर्णतः विफल है। प्रशासन में बैठे अधिकारी मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री नहीं मान रहे क्योंकि, उनको पता है कि लगाम कहीं और है। मुख्यमंत्री अपराधियों को मिट्टी में मिलाने की बात कह रहे हैं जबकि हकीकत ये है कि अपराधियों ने कानून-व्यवस्था को मिट्टी में मिला दिया। अपराधियों के सामने सरकार मजबूर दिखाई देती है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि 2005 में कांग्रेस सरकार संभालते ही चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने सिर्फ 2 महीने में कानून-व्यवस्था दुरुस्त कर दी थी। इस अवसर पर विधायक रामकरण काला, विधायक मनदीप चट्ठा, कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक मेवा सिंह, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, हिमांशु अरोड़ा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 25 सितंबर की रोहतक रैली प्रदेश की राजनीति की दिशा तय करेगी : चौटाला

- अभय सिंह चौटाला ने पंजाबी धर्मशाला में आयोजित एक विशाल जनसभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



इंडियन नेशनल लोकदल) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने पंजाबी धर्मशाला में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में इनेलो को प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, प्रदेश महासचिव बूटा सिंह लुखी, महिला प्रदेश अध्यक्षा तनुजा, जिला अध्यक्ष जयपाल चढूनी, थानेसर हल्का प्रधान कृष्ण बूरा किरमच, धर्मवीर इत्यादि नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर चौटाला ने कार्यकतार्ओं और समर्थकों से अपील करते हुए 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल की जयंती पर रोहतक में होने वाली रैली में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जननायक का पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित रहा। 25 सितंबर को रोहतक की धरती पर यह संकल्प और भी मजबूत होगा कि इनेलो उनके दिखाए रास्ते पर संघर्षरत रहेगी। उन्होंने प्रदेश की जनता रोहतक की अनाज मंडी में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की जिसका जनता ने हाथ खड़े कर उनका निमंत्रण स्वीकार किया।



### मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने विधायक प्रमोद विज का किया अभिनंदन

**पिहोवा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पिहोवा अनाज मंडी में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के पश्चात विधायक प्रमोद विज भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला के प्रतिष्ठान व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुखबीर सैनी के निवास स्थान जेपी कॉलोनी पहुंचे पर पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकतार्ओं और युवाओं ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने पिहोवा भाजपा मंडल की पूरी टीम का विधायक प्रमोद विज से परिचय कराया। विधायक प्रमोद विज ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए हैं। इस मौके पर गांव धनीरामपुरा के सरपंच विकल चौबे, मंडल महामंत्री गुलशन शर्मा, साहिल सैनी, लाडी पाल, लव तलवार, निर्भय छाबड़ा, कृपाल सिंह, दीपक एडवोकेट सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### विजय वल्लभ जैन स्कूल के बच्चों ने मचाई धूम

**कुरुक्षेत्र।** विजय वल्लभ जैन इंटरनैशनल स्कूल मोहड़ी में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके सचिव डा. विनीत जैन मुख्यातिथि रहे, जबकि श्रीकांत जैन, सुमित जैन, संजय जैन, भाविक जैन तथा धनैश जैन ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि भारती ने पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से विद्यार्थियों ने ऐसी धूम मचाई कि दर्शक दांतों तले उंगली दबाने को विवश हो गए। मुख्य अतिथि डा. विनीत जैन ने कहा कि शहीदों के बलिदान और त्याग से प्रेरित होकर हमें भी राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना चाहिए। प्रधानाचार्या निधि भारती ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन और संस्कारों का संचार करते हैं।

**तैयारी** मेले की तैयारियों को लेकर रेणुका सदन में बैठक का आयोजन

## 4 सितंबर को निकाली जाएगी वामन भगवान की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** रेणुका सदन में ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा की मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद सदस्यगण।

श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड तथा नगर की धार्मिक, सामाजिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के सहयोग से तीन तथा चार सितंबर को दो दिवसीय वामन द्वादशी मेला आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर रेणुका सदन में रविवार को सभा की एक बैठक प्रधान यशेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मंच संचालन सभा के प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा ने किया। इस बैठक में सदस्यों की मेले की तैयारियों के लिए ड्यूटियां लगाई गई। मेला आयोजन समिति के संयोजक जयनारायण शर्मा ने बताया कि चार सितंबर को वामन भगवान की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। शोभायात्रा को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज, महामंडलेश्वर बंसीपुरी जी महाराज पूजा अर्चना के बाद रवाना करेंगे। यह शोभायात्रा दोपहर दो बजे दुखभंजन महादेव मंदिर से शुरू होगी और रेलवे रोड गीता स्कूल मार्केट, आर्य समाज मार्केट, आंबेडकर चौक, आहलुवालिया चौक, पालिका बाजार, सीकरी चौक, नया बाजार, कच्चा घेर से होती हुई आंबेडकर चौक से गुजर कर गुरुद्वारा छठी पातशाही चौक से सायं छह बजे सन्निहित सरोवर पर पहुंचेगी जहां पर शानदार आतिशबाजी तथा भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसके बाद वामन भगवान को सन्निहित सरोवर में नौकाविहार करवाया जाएगा और आरती होगी। इस शोभायात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। पुष्प वर्षा की जाएगी तथा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान व प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी।

### वामन पुराण की कथा तीन को

इससे पूर्व तीन सितंबर को प्रातः नौ बजे यज्ञ के पश्चात सन्निहित सरोवर स्थित सूर्य नारायण मंदिर सभागार में वामन पुराण की कथा का शुभारंभ होगा। प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य शुकदेव जी महाराज व्यासपीठ से वामन पुराण की कथा करेंगे। इसी दिन शिक्षा विभाग की ओर से स्कूली बच्चों की पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। खेल विभाग की ओर से रस्साकशी, कबड्डी , खो-खो इत्यादि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी सन्निहित सरोवर पर होगा। सायं काल को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें वामन भगवान की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### एलआईसी के रिटायर्ड कर्मचारी ने की ठगी

**अंबाला।** एलआईसी से रिटायर्ड अंबाला कैंट की इंद्रपुरी कॉलोनी के बुजुर्ग सुरेंद्र कुमार से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 55.89 हजार रुपये की धोखाधड़ी हो गई। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित सुरेंद्र कुमार भारद्वाज की शिकायत पर साइबर ठगों पर बीएनएस में जाली दस्तावेज की धारा 340 व जालसाजी 338 आदि के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शातिर आरोपियों ने वीडियो कॉल कर कोर्ट व जज की सीट दिखा कर धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

### स्वामी ब्रह्मानंद की याद में लगाया भंडारा

**बराड़ा।** हरि मंदिर में संत स्वामी ब्रह्मानंद की याद में 45 वां वार्षिक भंडारा एवं धार्मिक कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भाग लेकर श्रद्धा भाव से भक्ति रस में डूबकर पुण्य अर्जित किया। कार्यक्रम की शुरुआत रामायण पाठ के भोग से हुई, जिसके उपरांत हवन यज्ञ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सत्संग और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्तों ने भक्ति संगीत का आनंद लिया। मंदिर कमेटी के प्रधान दीपू मक्कड़ ने बताया कि हर वर्ष हरि मंदिर में धार्मिक आयोजन किए जाते हैं, जिनमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

### चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी गुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाईकिल बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज है आरोपी थाना सैक्टर-9 में दर्ज छीना-झपटी के मामले में न्यायालय दवारा पीओ घोषित किया हुआ है। भानोखेड़ी के मिलन सिंह ने 10 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि मारकंडेय क्लीनिक जलबेडा रोड से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### शर्मा बने परिषद के सदस्य

**अंबाला।** सामाजिक कार्यकर्ता अजय शर्मा को भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय संस्थान (दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) की परिषद में मनोनीत सदस्य नियुक्त किया गया है। सरकार ने यह नियुक्ति आगामी दो वर्षों तक प्रभावी रहेगी। यह परिषद देशभर में शारीरिक रूप से दिव्यांगजन के सशक्तिकरण, पुनर्वास, सामाजिक सुरक्षा और चिकित्सकीय देखभाल जैसे विषयों पर कार्य करती है।

### शौर्य के प्रतीक धनुष स्थापना से बढ़ा शहर का गौरव

**लाडवा।** लाडवा शहर की सामाजिक संस्था श्रीअग्रवाल सभा ने महाराजा अग्रसैन चौक पर धनुष स्थापना के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी व सरकार का आभार जताया। सभा के सचिव दुर्गेश गोयल ने बताया कि महाराजा अग्रसैन चौक पर मुख्यमंत्री द्वारा महाराजा अग्रसैन चौक के सौंदर्यकरण के अंतर्गत महाराजा अग्रसैन के कुल सूर्यवंश के शौर्य के प्रतीक धनुष बाण की स्थापना कर अनावरण किया।

### मुख्य बाजार के दुकानदारों की दुकानों में घुसा पानी, मिट्टी की बोरियों से पानी रोकने का हुआ प्रयास

# पहाड़ी व मैदानी इलाकों में भारी बरसात से रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव, जीवन हुआ अस्त व्यस्त



**बराड़ा।** बराड़ा-दोसड़का रोड़ पर जमा हुआ पानी

## नपा के बंदोबस्तों की भी खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

पहाड़ों व मैदानी इलाके में रविवार सुबह से हो रही बरसात की वजह से कस्बे में जलभराव हो गया। इसकी वजह से वाहन चालकों के साथ आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ गई।

निचले इलाकों में तो दो-दो फुट तक पानी जमा हो गया। बराड़ा-दोसड़का मार्ग पर वाहनों को पानी भरी सड़क से होकर गुजरना पड़ा जिससे जाम की स्थिति बन गई और लोगों को आवागमन में कठिनाई हुई। बरसात का पानी सबसे ज्यादा असर निचले मोहल्लों और बाजार के कई क्षेत्रों में दिखाई दिया। महाराणा प्रताप चौक के पास दुकानों के सामने और गलियों में पानी भर जाने से दुकानदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। कई दुकानदार तो अपना सामान बरसाती पानी से बचाते दिखे। दुकानदारों ने बोरों में मिट्टी भरकर अपनी दुकानों के आगे लगाकर बांध बनाए ताकि दुकानों में पानी न जा पाए। गांव की कई गलियों में पानी भर गया, कई जगहों पर तो लोगों के घरों तक भी पानी पहुंचने की खबर है। बंसल पैलेस वाली गली पानी से लबालब दिखी। ऐसे में बरसाती पानी से लोग परेशान दिखे।



**बराड़ा।** दुकान के आगे मिट्टी के बारे लगाते हुए दुकानदार।

### व्यवस्थाओं की खुली पोल

वैसे तो प्रशासन बरसात के आने से पहले ही अपनी खूब तैयारी का ढ़ोल पीटता है लेकिन इस बरसात ने प्रशासन की कारगुजारी की पोल खोल कर रख दी है। बता दें कि बराड़ा में बरसाती पानी ही नहीं बल्कि पहाड़ी इलाकों से आना वाला पानी भी काफी तबाही मचाता है लेकिन इन सब बातों के जानने के बाद भी प्रशासन के इंतजाम फेल नजर आते हैं। लोग भी मानते है कि बरसात के दौरान जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह फेल हो जाती है। नालों और सीवरेज की सफाई समय पर न होने की समस्या के चलते हर साल लगभग यही स्थिति पैदा होती है। दुकानदार रणजीत सिंह, कुलदीप सिंह, पवन, रमेश आदि ने बताया कि थोड़ी सी भी तेज बारिश होने पर कस्बा पानी-पानी हो जाता है। बरसात के कारण सड़क पर पानी भर जाने से वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बराड़ा-दोसड़का मार्ग पर जलभराव की वजह से गाड़ियां रेंगती हुई दिखी। सड़क पर खड़े पानी से बाइक सवार और पैदल यात्री सबसे अधिक प्रभावित दिखे। लोग गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हुए।

### खेतों में भी पहाड़ों से आ रहा पानी

*पहाड़ों में रह-रहकर हो रही बरसात की वजह से तंदवाल-बराड़ा रोड़ पर गांव सज्जनमाजरी के खेतों में भी पहाड़ी पानी आ चुका है। यह पानी सड़क पर बनी पुलियों से आगे निकल रहा है। हालांकि इस बरसात के पानी ने जहां किसानों के लिए राहत पहुंचाई है वहीं कस्बे और गांवों के लोगों के लिए मुसीबतें भी खड़ी कर दी हैं। लगातार हो रही बारिश से अब मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोग आशंका जता रहे हैं कि यदि जलभराव जल्द नहीं निकला तो डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियां फैल सकती हैं।*

## मूसलाधार बरसात की वजह से कस्बे की सड़कें नदी में तब्दील



**शहजादपुर।** भारी बरसात की वजह से जलभराव का दृश्य व दुकानों के अंदर घुसे पानी का दृश्य।

**शहजादपुर।** सुबह से हो रही बरसात की वजह से कस्बे पानी से फुल हो गया। कई कॉलोनियों के साथ कस्बे की मुख्य सड़कें भी नदी में तब्दील हो गई। मूसलाधार बरसात की वजह से लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पानी की निकासी न होने की वजह से ज्यादातर कॉलोनियां पानी में डूब गई। उधर पहाड़ों में हो रही बरसात की वजह से कई बरसाती नदिया में भी पानी रौद्र रुप दिखा रहा है। बारिश के कारण कस्बे में हर तरफ कीचड़ व गंदगी का आलम बन गया। गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले भी गंदगी से भरे होने के कारण उनका पानी भी मुख्य मार्ग पर आ गया। इसकी वजह से लोगों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ा। यहां के रहने वाले राजकुमार,प्रिंस का कहना था कि कस्बा में वैसे तो लगभग सभी गलियो का नवीनीकरण कर उन्हें बेहतर कर दिया गया परंतु मुख्य मार्गों पर बरसाती पानी की निकासी का समुचित प्रबंध नहीं होने का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हालात यह हैं कि मुख्य बस स्टैंड के मुख्य गेट पर ही थोड़ी सी बरसात में पानी जमा हो जाता है। जिसके कारण बस स्टैंड आने जाने वाले यात्रियों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। राहगीरों ने बताया कि हालात यह हैं कि मुख्य सड़क के दोनों ओर भी गंदे पानी की निकासी न होने के कारण जहां सड़क पर पानी जमा हो जाता है वहीं



दुकानदारों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय राजमार्ग 72 अंबाला शहजादपुर मार्ग पर स्थित एनएच 344 के फ्लाइओवर के नीचे बरसाती पानी की निकासी न होने के कारण यहां पर भी पानी जमा हो गया। पानी के कारण ही इस मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं जिस कारण यदा कदा यहां वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। लोगों ने बताया कि लगभग एक महीना पहले राष्ट्रीय राजमार्ग ऑथोरिटी द्वारा नालों की सफाई का कार्य शुरू करवाया था परंतु नालों पर अतिक्रमण के चलते अधर में लटक गया।

## हर व्यक्ति अपने मन का गुलाम

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ शानदार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे व अन्य।

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर देशभक्ति के गीतों व जन्माष्टमी के गीतों पर डांस किया व श्रीकृष्ण की रासलीला की। इस मौके पर सहयोग वेलफेयर सोसायटी अंबाला कैंट के सदस्य भी उपस्थित रहे। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने स्वतंत्रता दिवस की बहुत बहुत सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि हमारे देश ने 1947 में अंग्रेजों से तो स्वतंत्रता माना आजादी तो पा ली है परन्तु फिर भी हर व्यक्ति अपने मन का गुलाम है। परमपिता परमात्मा हमें 5 विकारों की परतंत्रता से छुडाने आए हैं। इसके साथ ही उन्होंने राजयोग द्वारा गहन सुख शांति की अनुभूति कराई। सोसायटी के महासचिव शोभा शर्मा ने कहा ब्रह्माकुमारी आश्रम में आकर बेहद शांति मिलती है। यहां का वातावरण वह बहनों का स्नेह दिल छू लेने वाला है। यहां जो सकारात्मकता है वो मैंने पहले कही और महसूस नहीं करी। रिटायर्ड प्रिंसिपल पवन शर्मा जी ने कहा स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर हम सबको ये प्रण लेना होगा कि हम स्वयं को नकारात्मकता विचारों से आज़ादी दिलाएंगे।

## नन्हें छात्रों ने शानदार प्रतिभा से श्रोताओं को किया भावविभोर

- डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया श्रावणी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** कार्यक्रम में राधा कृष्ण की लीलाएं प्रस्तुत करते छात्र।

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में आर्य प्रादेशिक सभा के निर्देशन में श्रावणी पर्व बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरंगा राखी निर्माण प्रतियोगिता से हुआ जिसमें कक्षा 4 से 6 तक के विद्यार्थियों ने सृजनात्मकता से ओतप्रोत राखियां तैयार कीं। कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों ने पत्र लेखन प्रतियोगिता में भाग लेकर वीर सैनिकों और भाइयों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। विद्यालय परिवार ने शिक्षकों, प्राचार्य और स्टाफ को रक्षा सूत्र बांधते हुए शिक्षा और राष्ट्र की प्रगति का संकल्प लिया। आयोजित चतुर्वेद शतक परायण यज्ञ में वेदों के 400 मंत्रों की आहुति दी गई। पंडित मनोज शास्त्री ने श्रावणी मास का महत्व स्पष्ट किया। आचार्य नवीन शास्त्री ने आर्याभिविनय पर आधारित संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को वेदों की प्रासंगिकता समझाई। भजन संध्या में संगीत शिक्षकों और विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित भजन, नृत्य और रश्मिरथी की ओजस्वी पंक्तियों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनके बाल लीलाओं से लेकर योगेश्वर कृष्ण तक की यात्रा का प्रस्तुतीकरण हृदय को आनंदित करने वाला रहा। श्रावणी पर्व का समापन वृक्षारोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने कहा, "श्रावणी पर्व हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतीक है जो विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यबोध और पर्यावरण चेतना जगाता है।

## देशभक्ति गीतों पर डांस से किया भावविभोर



**बराड़ा।** मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए स्कूली बच्चे।

**बराड़ा।** सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उगाला में स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी का पर्व संयुक्त रूप से बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर सुबह से ही तिरंगे की शान और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में रंगा नज़र आया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और नृत्यों से सभी को भावविभोर कर दिया। कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदानों को याद दिलाया, लेकिन पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण जन्माष्टमी की झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। विद्यालय के छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने बाल कृष्ण की मनमोहक झलक प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों को गीत, नृत्य और अभिनय के माध्यम से जीवंत कर दिया। "कन्हैया की बाल लीलाएं" और "रासलीला" पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में सबसे रोमांचक क्षण मटकी फोड़ प्रतियोगिता का रहा।

## प्रभु के जन्म एंव उनके जीवन की लीलाओं के भीतर छिपे आध्यात्मिक रहस्यों को उजागर किया

- साध्वी मनीषा भारती ने किया श्रद्धालुओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम में नृत्य करती महिलाएं व बच्चे।

अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री मनीषी भारती ने प्रभु के जन्म एंव उनके जीवन की लीलाओं के भीतर छिपे आध्यात्मिक रहस्यों को उजागर किया। जो केवल मात्र प्रभु की जीवन गाथा का वर्णन नही अपितु एक विश्लेषणात्मक आध्यात्मिक अंतर दृष्टि से परिपूर्ण प्रभु के अवतरण व प्रकटय के दिव्य रहस्यों को परिलक्षित करता प्रसंग है। साध्वी ने बताया कि प्रभु का अवतरण धर्म के जिस संदेश को धारण किए हुए है वह हर युग काल व देश की सीमाओं से परे है। वर्तमान युग की समस्त समस्याओं का निवारण प्रस्तुत करता है। संसार में न न प्रकार के रोग, शोक, जन्म, मृत्यु इत्यादि में पडे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार में अन्धे हो चुके मानव को सन्मार्ग पर लाने के लिए प्रभु अवतीर्ण होते है। उपद्रव को शांत करने हेतु नित्यधाम से अनुरूपहों कार्य को संपादित करने हेतु जन्म लेते हैं। उन्होंने प्रभु के संबंध में बताते हुए कहा कि प्रभु श्री कृष्ण जग पालक व सृष्टि के नियामक तत्व है।



## शहीदों की बदौलत मिली आजादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

पंचकूला के सेक्टर 23 की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन व सीनियर सिटीजन एसोसिएशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. दिलबाग सिंह, पूर्व संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग हरियाणा एवं कॉलेजियम सदस्य जाट शिक्षण संस्थान रोहतक ने शिरकत की व ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि आजादी हमें लाखों शहीदों के बलिदान के बदौलत मिली है अतः इसको हमें सहेज कर रखना चाहिए। इस कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं ने नाटक, कविताएं एवं देशभक्ति के गीत गाए। इस अवसर पर महिलाओं व पुरुषों के बीच रस्साकशी का मैच व महिला म्यूजिकल चेयर गेम का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉ. दिलबाग सिंह अहलावत ने विजेताओं को इनाम वितरित किए।

## आई लव माई गीत पर छात्रों ने दी प्रसतुतिं

- चुडियाला के राजकीय उच्च विद्यालय में उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** लोगों को सम्मानित करते मुख्याध्यापक अनिल कुमार व अन्य।

राजकीय उच्च विद्यालय चुडियाला में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा। समारोह के दौरान देश के रक्षकों को सलाम किया गया। कार्यक्रम के दौरान रिटायर्ड वारंट ऑफिसर 84 वर्षीय गुरनाम सिंह ने ध्वजारोहण किया। समारोह में आए सभी मुख्यअतिथि, पूर्व सैनिकों, तथा गणमान्य नागरिकों का मेरा भारत महान के टैग लगाकर सम्मानित किया गया। सबसे पहले स्कूली छात्रों ने स्वागत गीत गाया। छात्रों ने आई लव माई इंडिया गीत पर शानदार प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। तेरी मिट्टी में मिल जांवा गीत पर गरिमा व मुस्कान ने शानदार डांस किया। दीपिका व सिमरन ग्रुप ने गिद्दा पर शानदार नृत्य कर जमकर वाहवाही लूटी। पूर्व सैनिकों ने अपने स्मरणों द्वारा छात्रों में देशभक्ति की भावना पैदा करने का प्रयास किया। उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित किया। अंत में स्कूल के मुख्याध्यपक अनिल कुमार ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया। छात्रों को देशसेवा के लिए प्रेरित कर उन्हें सेना में भर्ती के अवसरों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर रमनदीप सिंह व प्रिया मलिक ने मंच संचालन किया। समारोह में चुडियाला के सरपंच धर्मेंद्र सिंह, रिटायर्ड वारंट ऑफिसर गुरनाम सिंह, पूर्व सैनिक इंद्रजीत सिंह, पूर्व शिक्षा अधिकारी अमरजीत सिंह, पंच जसमेर सिंह व अशोक कुमार भी मौजूद रहे।

### जन्माष्टमी पर ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

## अभिमान रूपी मटकी तोड़कर ज्ञान रूपी मक्खन प्राप्त करें इंसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम में बच्चों के साथ मौजूद डीसी और शिवानी दीदी।

जन्माष्टमी के पावन पर्व पर ब्रह्मकुमारीज द्वारा कंच घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि एवं कैथल से न्यायाधीश अनूपा मिश्र ने बतौर वशिष्ठ अतिथि शिरकत की। दीदी शिवानी ने मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथि का यहां पहुंचने पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। उपायुक्त ने ब्रह्मकुमारीज द्वारा यहां पर जन्मअष्टमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम किए जाने के लिए उनकी सराहना की। कहा कि पूरे देश में पूजनीय भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान श्री कृष्ण ने उस समय जन्म लिया जब समाज में बुराइयां थी और विरोधाभास था। उन्होंने मानव के रूप में जन्म लिया और मानव बनकर महान व्यक्तित्व के साथ जिया जा सकता है उस बारे भी हम सभी को रास्ता दिखाया। भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं अपरमपार है। उन्हें कई नामों से जाना जाता है, जैसे नंन्द लाला, गोपाल, लड्डू गोपाल व इत्यादि । बाल रूप में उन्होंने अपने प्यार से बृज वासियों को बांधा, ब्रृज में अपनी लीलाओं से खुशियां बांटी। इसके साथ-साथ महाभारत में भी उन्होंने अर्जुन को गीता का संदेश दिया। उन द्वारा दिए गए उपदेश हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। श्रीमद्भगवद गीता मे जीवन का सार हैं। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित बेहतरीन प्रस्तुतियां पेश की। जिसकी उपायुक्त के साथ-साथ उपस्थित सभी ने प्रशंसा की। न्यायाधीश अनूपा मिश्र ने भी उपस्थित सभी को जन्मअष्टमी पर्व की बधाई दी और सभी के जीवन में खुशियां हो इसके लिए प्रभु से कामना की। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी का त्योहार पावन पर्व है और यहां पर हर वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। देश सोने की चिडिय़ा का देश रहा है। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमें अभिमान रूपी मटकी को तोड़कर ज्ञान रूपी मक्खन प्राप्त करना है। इसके लिए हमेशा मुस्कुराहट अपने चेहरे पर रखनी है।